तापमान
अधिकतम 22.8 डिग्री
न्यूनतम 1.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 14 जनवरी 2026

12 आंगनबाड़ी केंद्र में धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी उत्सव



12 ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की ओर से नर्सिंग छात्रों को






## मौसम में बनी कड़ाके की ठंड से बुजुर्ग व बच्चे घरों में कैद होने को हुए मजबूर

# घने कोहरे और शीतलहर का नहीं थम रहा जिले में प्रकोप

मंगलवार को यमुनानगर का न्यूनतम तापमान रहा मात्र 5 डिग्री सेल्सियस

*ठंड बढ़ने से बच्चे व बुजुर्ग घरों में कैद होने को मजबूर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में पड़ रही घनी धुंध व पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते मौसम में ठंड बढ़ने से जहां जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। वहीं, मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से बच्चे व बुजुर्ग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। ठंड की वजह से जिले के अस्पतालों में बुखार, जुखाम व निमोनिया से पीड़ित लोगों व बच्चों की संख्या बढ़ने लगी है। वहीं, जिले का तापमान भी दिनों दिन घट रहा है।

मंगलवार तड़के तीन बजे से ही जिले में घनी धुंध का प्रकोप शुरू हो गया था और दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब घना कोहरा तो कुछ छंट गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। आसमान में छाए घने बादलों व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। खास बात यह है कि पिछले कई दिन से मौसम में कड़ाके की ठंड बढ़ने से बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं।



### ठंड में बीमारियों से पीड़ित होने लगे लोग

जिले में पिछले कई दिन से मौसम में बन रही कड़ाके की ठंड से लोग और बच्चे बुखार, निमोनिया और खांसी व जुखाम जैसी बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। जिले के अस्पतालों में ठंड लगने से बीमारियों से पीड़ित लोगों की ओपीडी बढ़ने लगी है। चिकित्सक डॉ. निर्मल सिंह ने सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म वस्त्र से ढ़ांपकर व गर्म पानी पीने और खानपान में ऐहतियात बरतने की सलाह दी है।

### तापमान लगातार गिर रहा

मौसम में लगातार बढ़ रही हाड़ गलाने वाली ठंड में जिले के तापमान में भी गिरावट जारी है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### घना कोहरा और शीतलहर बढ़ने से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**कुरुक्षेत्र।** घना कोहरा और शीतलहर में गलन बढ़ने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। धर्मनगरी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तथा अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने से इंसानों से पशु-पक्षियों तक का हाल बेहाल रहा। हड्डियां कंपाने वाली गलन से लोग घरों में कैद होकर रहने से बाजारों और चौराहों पर सन्नाटा छाया रहा। कोहरे ने वाहनों के पहियों की रफ्तार धीमी की तो ट्रेन विलंब से पहुंची। मंगलवार को धुंध पूरे दिन छाई रही। धुंध के कारण सूरज की किरणें जमीन पर आते-आते ओझल हो जा रही थीं, इससे राहत नहीं मिल सकी। सर्द हवा के चलते कंपकपी छूट गई। लोग सुबह उठे तो गलन भरी सर्दी को देखकर रजाई में फिर बैठ गए। शीतलहर का असर दफ्तरों समेत बाजारों पर भी दिखा। बाजारों में शाम ढलने के पहले ही सन्नाटा पसर जा रहा है। शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। शीतलहर व सर्दी से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र आदि से जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

### हाई ब्लड प्रेशर मरीजों के लिए बढ़ा खतरा



**करनाल।** उत्तर भारत इस समय भीषण ठंड और घने कोहरे की मार झेल रहा है। लगातार गिरते तापमान के कारण उत्तर हरियाणा में जनजीवन प्रभावित हो गया है। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम में तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि करनाल में तापमान 2 डिग्री तक दर्ज किया गया। ठंड और कोहरे के चलते सुबह के समय दृश्यता कम हो रही है, जिससे आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है और लोग देर सुबह तक घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार जनवरी की यह भीषण ठंड एक ओर मौसम का आनंद देती है, वहीं दूसरी ओर यह गंभीर स्वास्थ्य जोखिम भी लेकर आती है। खासतौर पर उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और बुजुर्गों के लिए यह मौसम बेहद संवेदनशील माना जाता है। रावल अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर नेत्रपाल ने बताया कि सर्दियों में शरीर की रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। चिकित्सकीय भाषा में इसे रक्त वाहिकाओं का संकुचन कहा जाता है। इस संकुचन के कारण रक्त प्रवाह प्रभावित होता है और रक्तचाप अचानक बढ़ सकता है। यही कारण है कि सर्दियों में हृदयाघात और मस्तिष्काघात के मामलों में बढ़ोतरी देखी जाती है। उन्होंने बताया कि कई बार ऐसे मरीज अस्पताल आते हैं जिनका रक्तचाप पहले नियंत्रित रहता है, लेकिन ठंड बढ़ते ही उनकी रीडिंग अचानक खतरनाक स्तर तक पहुंच जाती है। इसका असर सांस फूलने, चलने में कठिनाई, सीने में भारीपन जैसी समस्याओं के रूप में दिखाई देता है।

## तालाब में तैरता मिला रामकरण का शव

*आठ दिन से लापता था मृतक व्यक्ति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



■ कोटड़ा खास के तालाब में मिले मृतक रामकरण का फाइल फोटो

आठ दिन से लापता व्यासपुर के गांव रामपुर कंबोयान निवासी 48 वर्षीय स्क्रेप डीलर रामकरण का शव बीती रात गांव कोटड़ा खास के तालाब में तैरता मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकलवाया। बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

व्यासपुर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि रामकरण पांच जनवरी को गांव हेडवाला में अपनी किसी रिश्तेदारी में गया था। जहां से शाम को वह घर के लिए रवाना हुआ लेकिन घर नहीं पहुंचा। इंतजार के बाद परिजनों ने अगले दिन छह जनवरी ने व्यासपुर थाने में उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर रामकरण की तलाश की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। सोमवार की रात करीब आठ बजे उन्हें सूचना मिली कि गांव कोटड़ा खास के तालाब में एक ग्रामीण द्वारा किसी व्यक्ति का शव तैरता हुआ देखा गया है। सूचना मिलते ही वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सीआईए वन और टू की टीमें भी मौके पर पहुंची। शव के बारे में पता चलते पर शिनाख्त के लिए रामकरण के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला गया। परिजनों ने शव के कपड़ों से उसकी शिनाख्त रामकरण के रूप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। मंगलवार को डॉक्टर के पैनल द्वारा शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### नाबालिग को घर से भगाने वाले को सुनाई कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग को घर से भागने के आरोपी बलजीत उर्फ छोटा वासी लदाना चक्कू जिला कैथल को 5 साल कठोर कारावास व 20 हजार रुपए जुमार्न की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 25 नवम्बर 2023 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में सतपाल वासी पीपली जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसकी नाबालिग लडकी राजकीय स्कूल में पढ़ती थी। 25 नवम्बर 2023 को वह घर से अपने छोटे भाई के साथ स्कूल गई थी। उसका लड़का तो स्कूल में चला गया था परन्तु उसकी लडकी स्कूल में नहीं गई। उसने अपनी लड़की को काफी जगह तलाश किया पर वह नही मिली। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच अमल में लाई गई। जांच के दौरान गुमशुदा लड़की को बरामद किया गया तथा मैडिकल करवाया गया। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था।

## खबर संक्षेप



### नोटिस दिवस व भूख हड़ताल की रूपरेखा तय

**करनाल।** ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की सिटी यूनिट की बैठक बी टाइप रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रधान अजीत सैनी ने की तथा संचालन सचिव जगमाल सिंह ने किया। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं और आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। राज्य महासचिव राजेंद्र राणा तथा राज्य सचिव सतीश मान ने बताया कि 19 जनवरी को सर्व कर्मचारी संघ के नोटिस दिवस कार्यक्रम में यूनियन भाग लेगी।

### आशा वर्कर्स ने सौंपा सीएमओ को ज्ञापन

**पानीपत।** आशा वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू गांव सिवाह पीएचसी कमेटी ने पिछले 5 महीने से बकाया मानदेय को लेकर सीएमओ को लिखित शिकायत पत्र दिया। यूनियन की जिला प्रधान बंटी, पीएचसी गांव विवाह कमेटी की प्रधान सुनीता व कविता के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल सीएमओ से मिला। उन्होंने लिखित पत्र के माध्यम से मांग की कि पिछले 5 महीने से 48 आशाओं की पेमेंट बकाया है। पेमेंट नहीं मिलने के कारण आशाओं को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। आशा वर्कर दिन रात मेहनत करती हैं लेकिन समय पर मजदूरी नहीं मिलती।

### चौडा बाजार में नालों की सफाई कराए निगम

**पानीपत।** तहसील कैंप वासी सुरेश नारंग ने कहा कि नगर निगम की लापरवाही चिराग चले अंधेरा वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। चौडा बाजार में आज तक नालों की सफाई नहीं हुई। बाजारों में नगर निगम द्वारा खड़े तोडऩे का अभियान तो जोरों शोरों से चलाया था। जिससे लगा था कि नालों की सफाई होगी लेकिन नालों के अंदर आज भी गंदगी भरी पड़ी है। सुरेश नारंग ने सवाल उठाया कि क्या नगर निगम थोड़े तोडऩे की ओर ध्यान देता है सफाई की ओर नहीं। उन्होंने निगम प्रशासन से मांग की कि समय से पहले काम करना चाहिए ताकि बरसातों में बाजारों में आने वालों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## हरियाणा की सब जूनियर रग्बी टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** चयनित टीम के साथ रग्बी पदाधिकारी।

राष्ट्रीय सब जूनियर रग्बी सेवन प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 21 जनवरी तक भुवनेश्वर में होगा। हरियाणा की टीम का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर पिछले 15 दिन से पानीपत के नलवा पब्लिक स्कूल में चल रहा था, जिसका समापन आज शाम की अंतिम ट्रेनिंग के बाद किया गया। कैंप के समापन पर पानीपत रग्बी एवं राष्ट्रीय सनातन सेना भारत हरियाणा की प्रभारी एवं महिला इकाई की अध्यक्षा बबीता सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश जून, सह सचिव विजय मलिक, नलवा गुरप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशकए बलकार सिंह, स्कूल के प्राचार्य सरीन रावल, विद्यालय के खेल निदेशक अरुण न भनवाला ने चुनी गई टीम को किट वितरित की। जींद की रिद्धिमा को टीम कप्तान एवं चरखी दादरी की खुशबू को उपकप्तान चुना गया है। इसके अलावा 10 अन्य खिलाड़ी मनु, शीतल एवं ऋ तु जींद से, अदिति, रीत, सरीन व दिव्या पानीपत से, दिव्या, सुहाना, दक्षिता हिसार को चुना गया है। इसके अलावा तीन अतिरिक्त खिलाड़ी चुनी गई जिनमें अंजली जींद, सोनिया सोनीपत एवं खुशी हिसार शामिल हैं। टीम कोच सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रियंका कटवाल एवं सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी और पूर्व में रही टीम कोच भामिनी पाण्डेय को रखा गया है।

### धोखाधड़ी से जमीन बेचने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी की विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी सुनील कुमार ने तीन लोगों पर उसकी जमीन धोखे से बचने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी की विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी सुनील कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी व्यासपुर क्षेत्र में जमीन है। व्यासपुर निवासी आकाश, प्रेम कुमार व राजीव कुमार ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर उसे बेच दिया। जब उसे इस बारे पता चला तो उसने आरोपियों से बात की। आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

## हरियाणा में अपराधी बेलगाम, सरकार को जिम्मेदारी का अहसास नहीं : दीपेंद्र

*एसटीएफ ने भी स्वीकार किया है कि राज्य में 88 गैंग सक्रिय हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए ।

सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज समालखा गुड़ मंडी में हाल ही में हुई रंगदारी व फायरिंग घटना के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। घटना 6 जनवरी 2026 की रात को हुई थी। जिसमें तीन बाइक सवार बदमाशों ने राजेंद्र मित्तल की प्रसिद्ध मिठाई दुकान पर चार गोलियां चलाईं, दुकान के शीशे तोड़े और 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। साथ ही न देने पर जान से मारने की धमकी दी। वहीं पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद सांसद दीपेंद्र ने कहा कि ऐसी वारदातें हरियाणा में लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गई हैं। बदमाश बेखौफ होकर वारदातें कर रहे हैं और जनता खौफ के साये में जीने को मजबूर है। उन्होंने बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। सरकार को अपनी जिम्मेदारी का अहसास ही नहीं है। खुद हरियाणा एसटीएफ ने भी स्वीकार किया है कि राज्य में 88 गैंग सक्रिय हैं। उन्होंने हरियाणा पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि बड़े.बड़े अधिकारी खुद आत्महत्या कर रहे हैं, जबकि कानून.व्यवस्था पूरी तरह गायब हो चुकी है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में युवक को 20 साल की कैद

*जिला जेल अधीक्षक को भेजा वारंट, जेल में बिताया समय सजा में जोड़ा जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के असंध थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फास्ट ट्रैक विशेष अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी दीपक को दुष्कर्म के मामले में 20 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। साथ ही अन्य धाराओं में भी अलग-अलग सजा तय की गई है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी और जांच व सुनवाई के दौरान जेल में बिताया गया समय सजा अवधि में जोड़ा जाएगा।

जिला न्यायवादी डॉक्टर पंकज सैनी ने बताया कि इस मामले की पैरवी उप न्यायवादी अमन कौशिक ने की। अदालत ने गवाहों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को अपराध का दोषी माना। फैसला सुनाने के बाद अदालत ने जिला जेल करनाल के अधीक्षक को वारंट भेजकर आरोपी को सजा के अनुसार जेल में रखने के निर्देश दिए हैं। अदालत के आदेशानुसार आरोपी को गंभीर अपराध के लिए 20 साल की साधारण कैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। इसके अतिरिक्त अन्य मामलों में भी अलग-अलग सजा तय की गई है।

### 2005 में यूपीए ने मनरेगा को एक अधिकार-आधारित कानून के रूप में लागू किया था

# मनरेगा का नाम व कानून बदलना ग्रामीणों के अधिकार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और इसके प्रावधानों को कमज़ोर करने के प्रयासों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध जताया है। मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय बराड़ा व साहा में विधायक पूजा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस फैसले के खिलाफ रोष प्रकट किया। विधायक ने कहा कि वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा मनरेगा को एक अधिकार-आधारित कानून के रूप में लागू किया गया था, जिसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई थी। इस योजना से देशभर में करोड़ों ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष लाभ मिला, लेकिन भाजपा सरकार अब इस योजना का नाम बदलकर और कानून में बदलाव कर गरीबों को उनके रोजगार के अधिकार से वंचित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह केवल नाम परिवर्तन नहीं है बल्कि ग्रामीण गरीबों के संवैधानिक काम के अधिकार को कमजोर करने और केंद्र सरकार का नियंत्रण बढ़ाने की साजिश है। सरकार भले ही काम के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 करने का दावा कर रही हो, लेकिन पिछले पांच वर्षों में मनरेगा का बजट लगातार घटाया गया है।



**बराड़ा।** विरोध जताते हुए कांग्रेसी।

### भाजपा जानबूझकर महात्मा गांधी ने नाम को हटाने का प्रयास कर रही

विधायक पूजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जानबूझकर महात्मा गांधी के नाम को हटाने का प्रयास कर रही है और इस ऐतिहासिक कानून की आत्मा को खत्म कर रही है। जॉब कार्ड के 'युक्तिकरण' के नाम पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों को योजना से बाहर करने का रास्ता खोला जा रहा है। वहीं खेती के चरम मौसम में 60 दिनों तक काम न देने का प्रस्ताव ग्रामीण परिवारों को उस समय बेरोजगार बना देगा जब उन्हें काम की सबसे अधिक जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि काम के स्थान पर डिजिटल उपस्थिति को अनिवार्य करना भी मजदूरों के लिए बड़ी परेशानी साबित होगा। प्रस्तावित कानून में मजदूरी भुगतान में केंद्र की हिस्सेदारी को 100 प्रतिशत से घटाकर बड़े राज्यों के लिए 60:40 करने से बेरोजगारी भत्ता और देरी से भुगतान का बोझ राज्यों पर डाल दिया जाएगा, जिससे राज्य सरकारों पर भारी वित्तीय दबाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के नाम बदलने की आदत हो गई है। डबल इंजन सरकार खुद कोई नया काम नहीं कर रही, बल्कि दूसरों के कार्यों को अपने नाम से पेश कर रही है। यह विधेयक मनरेगा को एक मजबूत कानूनी अधिकार से घटाकर नाममात्र की केंद्र प्रायोजित योजना बना देगा। उन्होंने ऐलान किया कि कांग्रेस पार्टी इस फैसले का पूरी ताकत से विरोध करेगी। पार्टी ने "मनरेगा बचाओ संग्राम" नाम से राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन शुरू किया है, जिसके तहत गांव-गांव जाकर लोगों को इस मुद्दे पर जागरूक किया जाएगा। कांग्रेस की मांग है कि मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जाए।

## खबर संक्षेप



### रेलवे स्टेशन चौक से महिला का बैग चोरी

**यमुनानगर।** शहर के रेलवे स्टेशन चौक के पास से चोरों ने महिला का बैग चोरी कर लिया। बैग में 35 हजार रुपये, कपड़े, मोबाइल व जरूरी दस्तावेज थे। जानकारी के अनुसार शास्त्री कॉलोनी निवासी प्रतिभा गुप्ता ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 11 जनवरी को शाम पांच बजे घर लौट रही थी। जब वह रेलवे स्टेशन चौक के पास पहुंची तो वह अपना बैग साइड में रखकर कुछ काम करने लगी। इसके बाद उसे वहां से अपना बैग गायब मिला। महिला ने बताया कि उसके बैग में 35 हजार रुपए, कपड़े, मोबाइल व जरूरी दस्तावेज थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ज्वेलर्स की दुकान से सामान चोरी




**यमुनानगर।** कैंप क्षेत्र में स्थित ज्वेलर्स की दुकान से सामान चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कैंप निवासी तिलक राज ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी कैंप क्षेत्र में ज्वेलर्स की दुकान है। दुकान के ऊपर उसने एक कमरा बनाया हुआ है। जिसमें कुछ सामान पड़ा हुआ है। 10 जनवरी को वह दुकान से काम खत्म करके अपने घर चला गया था। अगले दिन जब वह दुकान पर लौटा तो ऊपर कमरे से एसी का कंप्रेसर, टुल्लू पंप, हैंड टूल्स, अल्युमिनियम डोर, बाथरूम की टूटियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

*हर तरफ सुनाई दी सुंदर मुंदरिये गीत की गूंज*

# मकर संक्रांति पर मूंगफली, गुड़ और तिल का प्रसाद बांटा, कई जगह ढोल व डीजे बजाकर लोहड़ी के गीतों पर महिलाओं ने खूब मस्ती की

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले भर में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों ने लोहड़ी प्रज्वलित करके उसके चारों तरफ घूमकर ढोली की थाप पर नाचते हुए और मीठे गुड़ दे विच मिल गई तिल, उड़ी पतंग ते खिल गए दिल, हरपल सुख ते हर दिन शांति पाओं, रब अगे दुआ तुसी लोहड़ी खुशियां नाल मनाओं आदि गीत गाकर व गिद्दे डालकर पर्व को मनाया। मौके पर मुंगफली व रेवड़ियां बांटकर एक दूसरे को लोहड़ी की बधाई दी। खास बात यह रही कि मंगलवार को सुंदर मुंदरिये गीत की गूंज हर तरफ सुनाई दी।




**यमुनानगर।** में अग्नि जलाकर लोहड़ी पर्व मनाते हुए श्रद्धालु।

मंगलवार को जिले के शहरों व कस्बों में लोहड़ी को लेकर रौनक बनी रही। लोगों ने एक दूसरे को लोहड़ी की बधाइयां दी। मंगलवार को सुबह से लेकर देर शाम तक लोग अपने घरों में लोहडी पर्व मनाते रहे। कुछ लोगों ने दिन में लोहड़ी जलाई तो अधिकांश लोगों ने शाम के वक्त अपने घरों में लोहड़ी जलाई गई। कई जगह ढोल बजाकर व डीजे बजाकर लोहड़ी के गीतों पर भंगड़े व गिद्दा समेत झूमकर महिलाओं, पुरुषों व युवाओं ने खूब मस्ती की। इस दौरान दिन भर मुंगफली व रेवड़ी खरीदने के लिए लोगों की दुकानों पर भीड़ लगी रही। महिला स्वाभिान समिति ने मनाया लोहड़ी पर्व लोहड़ी पर्व पर श्री दुर्गा महिला स्वाभिमान समिति द्वारा जगाधरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति की सदस्यों व सेक्टर की महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं ने लकड़ियों में आग लगाकर त्यौहार से जुड़े लोकगीत गाए। समिति की सदस्यों कुसुम, बाला, रोशनी, सविता व रश्मी आदि ने सुंदर मुंदरिये...लोक गीत गाकर लोहड़ी जलाई और सभी महिलाओं में मुंगफलियां व रेवड़ियां बांटी। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पंजाबी लोकगीतों पर नाच-गाकर गिद्दा डाला।

#### लोगों ने एक-दूसरे को दी बधाई

शहर के आजाद नगर में लोहड़ी पर्व के अवसर पर भंगड़ा डाला गया और सुंदर मुंदरिये गीत पर महिलाओं व पुरुषों ने जमकर लोहड़ी पर्व मनाया। मौके पर मुंगफली व रेवड़ियां बांटी गई। इसके अलावा लोगों ने अपने आस पड़ोस में मुंगफली व रेवड़ी बांटकर एक दूसरे को लोहड़ी पर्व की बधाई दी। इसी तरह शहर के मॉडल टाऊन, सरोजनी कॉलोनी, कैंप व छोटी लाइन समेत दर्जनों स्थानों पर लोगों ने नाच गाकर और मुंगफली व रेवड़ियां बांटकर लोहड़ी पर्व मानाया।

#### बदलाव का संकेत

श्रद्धालु विशाल कुमार, गुरदीप सिंह, जसविंद्र सिंह व कुमार अमित आदि ने बताया कि लोहड़ी और मकर सक्रांति का यह त्योहार उस बदलाव का संकेत देता है जो शुरू होने वाला है। साथ ही यह हमें खुशी के क्षण देता है। जिसे हम सभी पवित्र अग्नि के साथ बैठकर सांझा करते हैं। वहीं, पंडित यशपाल शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार अग्नि नीचे से ऊपर की ओर चलती है।
उसी प्रकार हमें अपने जीवन में आगे बढ़ते रहने का प्रयास करना चाहिए। भारत त्योहारों का देश है जहां हर महत्वपूर्ण दिन हमारे प्रियजनों की भागीदारी से विशिष्ट हो जाता है।

नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों ने की समीक्षा बैठक

# अब पार्क महकेंगे रंग बिरंगे फूलों की खूशबू से : प्रसाद

- नगर निगम सदन की बैठक में पारित किए गए प्रस्तावों पर अब तक हुई कार्रवाई की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर के आयुक्त कार्यालय में निगम अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गत दिनों नगर निगम सदन की बैठक में पारित किए गए प्रस्तावों पर अब तक हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। उन्होंने बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि सभी पार्कों की सुंदरता बढ़ाने के लिए इनमें गुलमोहर जैसे रंगे बिरंगे फूलों के पौधे लगाएं। ताकि शहर की सुंदरता बढ़ सके और पर्यावरण स्वच्छ रह सके। उन्होंने अधिकारियों को 28 फरवरी तक शहर के सभी नालों से अवैध कब्जे हटाकर उनकी पूर्ण रूप से सफाई कराई जाने, क्षतिग्रस्त नालों की मरम्मत समय रहते पूरी करवाए जाने, बरसात से पहले नालों की स्थिति दुरुस्त करवाए जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आयुक्त महाबीर प्रसाद ने प्रत्येक प्रस्ताव पर गहन चर्चा की और संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सदन में पारित सभी प्रस्तावों पर आगामी बैठक से पहले नियमानुसार कार्रवाई पूरी की जाए। बैठक में सबसे पहले मॉडल टाउन में रवि अस्पताल के नजदीक पड़ी खाली जमीन में पार्क विकसित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। निगम अधिकारियों ने यहां पार्क विकसित करने के साथ आसपास बसे निवासियों के आने जाने के लिए रास्ता बनाने की बात कही। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने निगम अधिकारियों को पार्कों में रंग बिरंगे फुलों के पौधे लगाए जाने व शहर के नेहरू पार्क ओपी जिंदल पार्क व जगाधरी के कुंडी तालाब पार्क में तीन भव्य लाइब्रेरी बनाई जाने के निर्देश दिए। वहीं, जम्मू कॉलोनी के लाडो पार्क में योगशाला व शौचालय बनाने के भी निर्देश दिए गए। नालों की सफाई के मुद्दे पर नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अधिकारियों को 28 फरवरी से पहले सभी नालों की सफाई करवाने के निर्देश दिए।



**यमुनानगर।** के निगम कार्यालय में आयोजित निगम अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

#### समीक्षा बैठक में ये रहे मौजूद

*मौके पर कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, नरेंद्र सुहाग, सहायक अभियंता मृणाल जैयसवाल, सुरेंद्र दहिया, मुनेश्वर भारद्वाज, राजेश शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह व विनोद बेनीवाल आदि मौजूद रहें।*



**यमुनानगर।** के रादौर स्थित श्री देवी मंदिर में आयोजित संकीर्तन में भाग लेते श्रद्धालु।

## प्यारा सजा है दरबार तेरा भवानी भजन पर खूब झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

- देवी मंदिर रादौर में संकीर्तन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रादौर स्थित देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मासिक संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान महिला संकीर्तन मंडली द्वारा भजनों के माध्यम से मां देवी का गुणगान किया। संकीर्तन के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

श्रद्धालु चंचल व तनुजा ने बताया कि देवी मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। श्रद्धाली हर माह मंदिर में मासिक संकीर्तन करके मां गा गुणगान करते हैं। इसी क्रम में आज भी मासिक संकीर्तन कार्यक्रम किया गया। जिसमें भजन मंडली द्वारौ प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, मैया तेरे चरणों की गर धूल, धरती गगन में होती है तेरी जय जयकार, ले चल अपनी नगरिया राधा के सांवरिया आदि भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर श्रद्धालु, अभिषेक, सचिन अग्रवाल, तनुजा गुप्ता, साक्षी गुप्ता व बिमला आदि मौजूद रहे।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए नियमित अभ्यास और सकारात्मक दृष्टिकोण जरूरी : डॉ. अग्रवाल

- डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रक्रियाओं, साक्षात्कार की तैयारी की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन( रादौर) में करियर विषय को लेकर संवाद जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने किया।

मौके पर प्लेसमेंट टीम के सदस्य सुश्री एकता व बलजिंदर सूनी मौजूद रहे।

संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रक्रियाओं, साक्षात्कार की तैयारी, कम्युनिकेशन स्किल्सऔर इंडस्ट्री की अपेक्षाओं पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए नियमित अभ्यास, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने कहा कि मॉक इंटरव्यू विद्यार्थियों को वास्तविक इंटरव्यू के लिए तैयार करने में कैसे सहायक होते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों को आने वाले प्लेसमेंट ड्राइव्स, ट्रेनिंग सेशंस और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स के बारे में भी अवगत कराया गया। मौके पर विद्यार्थियों से सीधे प्रश्न पूछे गए और उनकी जिज्ञासाओं को ध्यानपूर्वक सुना गया।

इस अवसर पर सुश्री एकता ने विद्यार्थियों को ज्वाइनिंग डेट, ऑफर लेटर, पैकेज स्ट्रेक्चर, कंपनी पॉलिसी व अन्य तकनीकी पहलुओं से संबंधित प्रश्नों के स्पष्ट और संतोषजनक उत्तर दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



**यमुनानगर।** के ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में आयोजित संवाद जागरुकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को करियर संबंधित जानकारी देते हुए वक्ता।

*सालभर पहले लोगों ने नपा में किए थे आवेदन*

## लाल डोरे में रहने वालों को नहीं मिले मलकीयत के प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

नगरपालिका रादौर में करीब एक साल पहले कस्बा के लाल डोरे के भीतर रहने वाले लोगों ने मलकीयत प्रमाणमत्र दिए जाने के लिए आवेदन किया था। मगर एक साल बीत जाने के बाद भी लोगों को उनकी प्रापर्टी के मलकीयत प्रमाणपत्र नहीं मिले हैं। ग्रामीणों ने सरकार से उनके प्रमाणपत्र दिलाए जाने की मांग की है।

कस्बा निवासी लछमन सैनी, सतीश सैनी, मामचंद सैनी, फकीर चंद, राजबीर व धर्मपाल आदि ने बताया कि नगरपालिका रादौर की ओर से करीब एक साव पहले लाल डोरे में रहने वाले लोगों से मलकीयत का प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए अपने दस्तावेज जमा करवाने के लिए कहा गया था। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने सैकड़ों रुपये खर्च कर अपने दस्तावेजों की फाइल तैयार करवाकर नगरपालिका में जमा करवा दी गई थी। उन्होंने बताया कि करीब 170 से अधिक लोगों ने नपा में अपने दस्तावेज जमा करवाए हुए हैं। लेकिन आज तक उन्हें मलकीयत के प्रमाण पत्र नहीं मिल सके हैं। उन्होंने सरकार से उनकी मलकीयत के प्रमाणपत्र दिलाए जाने की मांग की है।

#### तैयार की जा रही है सूची

नगरपालिका रादौर के बीआई आदित्य कांबोज ने बताया कि मलकीयत के प्रमाणपत्र दिए जाने को लेकर सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि अगले 15 से 20 दिन तक आवेदन करने वाले लोगों को प्रमाणपत्र दे दिए जाएंगे।

## सीवरेज ब्लॉक होने से आजाद नगरवासी परेशान

- कॉलोनी के लोगों ने की संबंधित विभाग से सीवरेज की ब्लाकेज ठीक किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के आजाद नगर की गली नंबर पांच में पिछले पंद्रह दिन से सीवरेज ब्लाक होने से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। कालोनी के लोगों ने संबंधित विभाग से सीवरेज को ठीक किए जाने की मांग की है।

क्षेत्र के योगेश कुमार, डिंपल व रश्मी आदि ने बताया कि एक ओर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए जाने को लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत सफाई अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ आजाद नगर की गली नंबर पांच में पिछले पंद्रह दिन से सीवरेज ब्लाक पड़ा हुआ है। सीवरेज के ब्लाक होने से गंदा पानी लोगों के घरों में जमा होने लगा है।



जिससे लोग परेशान हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि यदि समस्या को जल्द ठीक नहीं किया गया तो यह समस्या विकारल रूप धारण कर सकती है।

**कार्यक्रम** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में रन फार स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन

*स्वदेशी संकल्प परंपराओं से जोड़ने में करता है मदद*

# देश के उत्थान के लिए प्राथमिकता के आधार पर स्वदेशी का करें उपयोगः डॉ. एसके गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जेएमआईटी संस्थान रादौर में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर चल रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत रन फार स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने की।

संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने विद्यार्थियों को स्वदेशी के महत्व व स्वदेशी के लिए संकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को आहवान किया कि वह किसानों व निर्माताओं आदि के उत्थान के लिए स्वदेशी का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग करें। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को आधुनिक भारत में स्वदेशी आंदोलन की भावना को पुनर्जीवित करने और जीवित रखने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। जहां प्रतिभागी स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करने और विदेशी आर्थिक प्रभुत्व के खिलाफ खड़े होने की प्रतिज्ञा लेते हैं। इस संदर्भ में चलने का कार्य प्रगति, एकता और एक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के सामूहिक प्रयास का प्रतीक है।



**यमुनानगर।** के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कालेज रादौर में आयोजित रन फार स्वदेशी कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए निदेशक डॉ. एसके गर्ग।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर खेल प्रभारी डॉ. उमेश पाल सिंह, खेल अधिकारी डॉ. गुलशन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ. एलएस रीन, सुश्री प्राची सेठ व एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी डिंपल सैनी आदि मौजूद रहे।

#### राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने का प्रयास

डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि जैसे अतीत में स्वदेशी आंदोलन ने ब्रिटिश वस्तुओं पर भरोसा किए बिना प्रगति के विचार का प्रतिनिधित्व किया था। यह आयोजन आर्थिक राष्ट्रवाद की उसी भावना को फिर से जागृत करने का प्रयास करता है। जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देखी गई थी। यह आर्थिक सशक्तीकरण, स्थिरता और स्थानीय व्यवसायों और उद्योगों को समर्थन देने पर अधिक ध्यान देने की समकालीन आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करता है। रन फार स्वदेशी जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के एक विविध समूह को एक साथ लाता है। इसका उद्देश्य है कि घरेलू उद्योगों को मजबूत करके और मेड इन इंडिया पहल का समर्थन करके भारत आधुनिक युग में आर्थिक स्वतंत्रता कैसे प्राप्त कर सकता है। स्वदेशी संकल्प दौड़ लोगों को भारतीय परंपराओं, शिल्प कौशल व टिकाऊ प्रथाओं के साथ फिर से जुड़ने में मदद करता है। जो पूर्व औपनिवेशिक भारतीय समाज के लिए केंद्रीय थे। यह आयोजन पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रयासों से भी जुड़ा है। जैसे पर्यावरण के अनुकूल स्थानीय रूप से उत्पादित वस्तुओं का समर्थन करना है। जो आज की वैश्वीकृत दुनिया में तेजी से प्रासंगिक हो गया है।

## समस्याओं के समाधान के लिए सरकार गंभीरता से कर रही प्रयास: उपायुक्त



**यमुनानगर।** सीएम विंडो व समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के शीघ्र समाधान को लेकर मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सीएम विंडो एवं समाधान शिविर में आई लोगों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हों। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि सरकार की पहल के तहत सीएम विंडो व समाधान शिविरों के आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से जल्द से जल्द सुलझाया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलाए गए समाधान शिविरों में समस्याओं का निपटान होने से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। इस अवसर पर नगराधीश पीयूष गुप्ता, जगाधरी के नायब तहसीलदार अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया लोहड़ी का त्योहार, एक-दूसरे को दी बधाइयां

# मूंगफली, रेवड़ी और गज्जक बांटकर साझा की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला भर में लोहड़ी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में मंगलवार को कुलपति कार्यालय के प्रांगण में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की बधाई दी। उन्होंने मूंगफली, रेवड़ी व गज्जक वितरित करते हुए कहा कि भारतीय त्यौहार नई ऊर्जा एवं उत्साह के सृजक हैं। यह पर्व समृद्ध भारतीय संस्कृति का भी प्रतीक है जो समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाने वाला लोहड़ी त्यौहार, हिंदुओं और सिखों के लिए समान रूप से एक पवित्र और आनंदमय त्योहार है। इस मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर.चौधरी, प्राक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिल्ला, उप-कुलसचिव विनोद वर्मा, बलजीत, अंशुल शर्मा, रमेश कुमार, चन्द्र मोहन ढींगरा, धर्मेन्द्र, गोपाल, कश्मीर सिंह, अर्जुन कुमार व संजीव कुमार सहित कर्मचारी मौजूद थे।



### सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में मनाया लोहड़ी एवं संक्रांति पर्व

**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र, शीला नगर के प्रांगण में लोहड़ी एवं संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में सुर संगम संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कला केंद्र गत कई वर्षों से गायन, नृत्य एवं वादन की शिक्षा में प्रयासरत है। कार्यक्रम की शुरूआत शब्द गायन से हुई जहाँ गायन के छात्रों ने पंजाबी गीत दम नाल दम भरागी राँझेआवे गा कर समाँ बांधा वहीं नृत्य की छात्राओं ने पंजाबी नृत्य कर सबके पैरों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र का उदेश्य बच्चों को अच्छे संगीत एवं अध्यातम के साथ जोड़ना भी है। सारे जग विच धूमा तेरियाँ इस गीत के माध्यम से छात्राओ ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं के अभिवावकों ने भी शिरकत की। छात्र- छात्राओं की प्रस्तुति की सभी ने तारीफ की। कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए महाबीर सत्संग सभा कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष एच. सी. मुंजाल ने उपस्थित सभी लोगों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को उनकी संस्कृति से परिचित करवा उनमें उत्साह का संचार करते हैं। कार्यक्रम में केंद्र के सभी सदस्य, महाबीर सत्संग सभा के सदस्य, केंद्र के अध्यापक, छात्र, छात्राएं एवं उनके अभिवावक उपस्थित रहे।

### प्रसिद्ध पंजाबी कलाकार बलवीर बोपाराए ने गायकी से बांधा समां



**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में लोहड़ी पर्व की खुशियां इस बार और भी खास रहीं, जब कला कीर्ति भवन में भव्य लोहड़ी महोत्सव का आयोजन किया गया। पूरे उत्साह, पारंपरिक लोक-संस्कृति और पंजाबी रंग में सराबोर यह आयोजन दर्शकों के लिए यादगार बन गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग पहुंचे और दर्शक दीर्घा पूरी तरह हाउसफुल रही। लोहड़ी महोत्सव की शुरूआत पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक माहौल के साथ हुई। जैसे ही प्रसिद्ध पंजाबी कलाकार बलवीर बोपाराए मंच पर आए, माहौल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। उनकी जोशीली और भावपूर्ण गायकी ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। एक के बाद एक प्रस्तुत गीतों पर लोग अपनी सीटों पर ही थिरकते नजर आए और पूरा सभागार पंजाबी लोक-संगीत की धुनों में डूब गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा तथा मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी रहे। दोनों अतिथियों ने लोहड़ी जैसे पारंपरिक पर्व को सांस्कृतिक मंच पर भव्य रूप देने के लिए आयोजकों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और हमारी समृद्ध लोक-संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।



**पिहोवा।** श्रद्धालुओं के संग लोहड़ी की परंपरा निभाते स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

### लोहड़ी केवल पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, सामूहिक सद्भाव का प्रतीकः ज्ञानानंद

**पिहोवा।** लोहड़ी के पावन अवसर पर मंगलवार प्रातः श्रीकृष्ण कृपा मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ विशेष आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को लोहड़ी पर्व के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने प्रवचनों में महाराज श्री ने बताया कि लोहड़ी केवल एक लोक-पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, आत्मशुद्धि और सामूहिक सद्भाव का प्रतीक है। श्रद्धालुओं ने अग्नि की परिक्रमा कर मंगल कामना कीं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि इस दिन सात्विक आहार, जप-ध्यान और सेवा के माध्यम से आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग अपनाएँ। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने महाराज जी के प्रवचनों से प्रेरणा लेकर धर्म, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संकल्प लिए। पूरे वातावरण में भक्ति, शांति और उत्सव की पावन अनुभूति बनी रही।

### सतयुग दर्शन चेरिटेबल डिस्पेंसरी में मनाया लोहड़ी पर्व

**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन चेरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लैब कच्चा घेर में लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ लोहड़ी जलाकर किया गया। लोहड़ी में रेवड़ी, मक्का के भूने दाने, मूंगफली के दाने अर्पित किया गया। डा. महावीर, डा. धीरज, डा. विजेंद्र, डा. शालिनी, कर्मचंद, हैप्पी, जितेंद्र अरोड़ा, अंकिता, विजय ने लोहड़ी की बधाई देते हुए कहा कि हमारा देश भारत और इसकी संस्कृति हमें अनेकता में एकता का पाठ पढ़ाता है। हमें आपस में इसी भाईचारे का निर्वाह करते हुए प्रेम पूर्वक रहना चाहिए।



**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन चेरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लैब कच्चा घेर में लोहड़ी पर्व मनाते स्टाफ सदस्य।

### लोहड़ी पर्व आपसी भाईचारे एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक

रेड रोड स्थित आस्था मैरिज ब्यूरो के प्रांगण में लोहड़ी का त्यौहार अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सीनियर सिटीजन फोरम के निवर्तमान अध्यक्ष डा. ए.सी. नागपाल, भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के प्रदेश प्रवक्ता तरुण वधवा, सहजयोग संस्था से सुधीर कुमार, आस्था मैरिज ब्यूरो से राकेश गाबा, गुलाटी मेडिकल स्टोर से गुलशन गुलाटी, अरोड़ा मेडिकोज राधा कृष्ण अरोड़ा, अनिल कुमार, सुधांशु कुमार, सागर बाजवा ने लोहड़ी की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमें अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं एवं भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़े रखते हैं तथा यह पर्व परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करते हैं। कहा कि लोहड़ी का यह पावन पर्व आपसी भाईचारे, खुशी और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति हमारे सम्मान का प्रतीक है।



### मैक्स जूनियर स्कूल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** मैक्स जूनियर स्कूल में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक लोहड़ी अग्नि प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व के महत्व, परंपराओं तथा आपसी प्रेम, सौहार्द और नई ऊर्जा के संदेश को सभी के साथ साझा किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पंजाबी लोकनृत्य, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनसे विद्यालय का वातावरण उत्सवमय और आनंद से भर गया। पारंपरिक वेशभूषा और लोकसंगीत ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। प्रधानाचार्या दिव्या कुकरेजा ने कहा कि लोहड़ी एवं मकर संक्रांति जैसे पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, एकता और सकारात्मक सोच के प्रतीक हैं तथा हमें परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय प्रबंधन निदेशक डॉ. अनीता शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा एवं महावीर मंढान ने सभी को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ दीं और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।





**पिहोवा।** बैठक में भाग लेते समिति सदस्य।

### मां सरस्वती प्रकटोत्सव की तैयारियां तेज समिति ने सेवादारों को सौंपी जिम्मेदारियां

**पिहोवा।** धर्मनगरी में 23 जनवरी को मनाये जाने वाले माँ सरस्वती प्रकटोत्सव कार्यक्रम को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से मनाए जाने के उद्देश्य से माँ सरस्वती अन्नपूर्णा भंडारा सेवा समिति की दूसरी महत्वपूर्ण बैठक समिति के प्रधान रोशन लाल गर्ग की अध्यक्षता में माता सरस्वती मंदिर के प्रथम तल पर बने लंगर हाल में संपन्न हुई। जानकारी देते हुए रोशन लाल गर्ग ने बताया कि बैठक में विभिन्न कार्य समितियों का गठन किया गया, जिनमें अतिथि सत्कार, भंडारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निमंत्रण वितरण, गीता पाठ एवं हवन यज्ञ, पुरस्कार व कम्बल वितरण व्यवस्था जैसी जिम्मेदारियां सेवादारों को सौंपी गई हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धा एवं भक्ति से परिपूर्ण इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज पाल खुराना (ओडिशा) और विशिष्ट अतिथियों में हरियाणा मिल्क फूड के एम.डी. उमेश गोयल, सैनसंस पेपर मिल के एम.डी. प्रदीप सैनी, समाजसेवी डॉ. विनोद धीर, राम कुमार गर्ग शाहबाद, जोगिंद्र मित्तल पंचकूला, आशीष बंसल पंचकूला की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। समिति सचिव संत राम गर्ग ने बताया कि बैठक में इस बार माँ सरस्वती प्रकटोत्सव को जनभागीदारी के साथ और अधिक भव्य व आध्यात्मिक स्वरूप देने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित होंगी, ताकि युवा वर्ग में भी भारतीय संस्कृति व संस्कारों के प्रति रुचि बढ़े। इस मौके पर देवदत्त मोदगिल, रवि जिंदल, विजय धवन, जोगिंद्र जाजनपुर, विजय कश्यप, पंकज मित्तल, जयपाल चावला, अनिल कुमार, संत राम गर्ग, सोनू गोयल, विनोद कुमार, मोहन लाल सिंगला, जगदीश धवन, सर्वेश शर्मा सहित अनेक सेवादार उपस्थित रहे।

### जन कल्याण मंच ने लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र ने कुरुक्षेत्र नर्सिंग होम के पार्थ ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें अंतरराष्ट्रीय जाट सभा एवं जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द ने रक्तदाता को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान कैंप में रक्तदाताओं एवं संस्था के अन्य पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर कृष्ण श्योकन्द ने कहा कि रक्तदान के सामने सभी दान बौने पड जाते हैं इसीलिए कहा गया है कि रक्तदान महादान। रक्तदान सबसे बड़ा दान है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करके जरूरतमंद की अवश्य जान बचाने का प्रयास करना चाहिए। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा, सलाहकार राजकुमार वालिया, सलाहकार रामपाल सरोहा, संरक्षक देशराज भटनागर, उपाध्यक्ष जगमोहन बंसल, प्रवक्ता गुलशन ग्रोवर, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगना खेड़ा, प्रेस सचिव शिव किरमच, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनिल कपूर, प्रोजेक्ट एडवाइजर हेमंत यादव, आडिटर के सी वर्मा, प्रचार सचिव संजय शर्मा, सचिव कुलदीप सिंह सैनी, संगठन सचिव मिहा सिंह रंगा आदि ने शिविर में भाग लिया।



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंदरू को ज्ञापन देते एडवोकेट अंकित गुप्ता।

### आयु आधारित वाहन नीति मध्यम वर्ग की भावनाओं के विपरीत : अंकित गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रस्तावित वाहन आयु आधारित ड्राफ्ट नीति, जिसके अंतर्गत डीजल वाहनों तथा पेट्रोल वाहनों की आयु सीमा निर्धारित करने का प्रस्ताव है, उस विषय पर आज हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंदरू के साथ आयोजित की गई। इसमें ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य, अधिवक्ता अंकित गुप्ता को सरकार की ओर से औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया था। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता अंकित गुप्ता द्वारा इस ड्राफ्ट नीति के विरुद्ध पूर्व में लिखित आपत्तियां एवं सुझाव हरियाणा सरकार को भेजे गए थे। उन्हीं सुझावों पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से सरकार द्वारा सचिवालय में यह बैठक बुलाई गई। बैठक के दौरान अधिवक्ता अंकित गुप्ता ने न केवल अपने पूर्व सुझावों को विस्तार से रखा, बल्कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में वाहन आयु आधारित नीति पर दिए गए नवीनतम निर्णयों के प्रकाश में अतिरिक्त और कानूनी रूप से समर्थित सुझाव भी प्रस्तुत किए। हालिया सुप्रीम कोर्ट के निर्णय यह संकेत देते हैं कि प्रदूषण का आकलन वाहन की वास्तविक उत्सर्जन क्षमता, फिटनेस और तकनीकी स्थिति के आधार पर किया जाना चाहिए, न कि मात्र उसकी आयु के आधार पर। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि इस प्रकार की आयु आधारित नीति आम जनमानस, मध्यम वर्ग, स्वरोजगार से जुड़े नागरिकों तथा वाहन चालकों की भावनाओं के विपरीत है और उन पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालती है, जबकि प्रदूषण नियंत्रण के लिए वैकल्पिक, प्रभावी और न्यायसंगत उपाय उपलब्ध हैं।

## फीनिक्स क्लब के प्रधान बने कीर्ति खोसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

सामाजिक संस्था फीनिक्स क्लब की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रेलवे रोड स्थित होटल पर्ल मार्क में आयोजित किया गया। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने बतौर मुख्यातिथि, विद्युत विभाग में एस.ई. एम.जी. जिंदल बतौर विशिष्ट अतिथि इस कार्यक्रम में शिरकत की। वर्ष 2026 की इस नई टीम में कीर्ति खोसला को फीनिक्स क्लब के प्रधान, दिनेश छाबड़ा को सचिव, दिनेश अनेजा को कोषाध्यक्ष, क्लब की महिला विंग विनिक्स की प्रधान ज्योति खोसला, सचिव ममता छाबड़ा, क्लब की जूनियर विंग टिनिक्स का प्रधान कपीश छाबड़ा को पद की शपथ दिलाई गई। क्लब में शामिल हुए 2 नए सदस्यों प्रवीण वधवा एवं डॉक्टर अर्पित तनेजा को भी शपथ दिलाई गई। क्लब के पूर्व प्रधान डॉ. राजेश वधवा ने विधिवत रूप से नए प्रधान कीर्ति खोसला को पदभार संभाला और अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग करने हेतु संस्था के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। संस्था के नवनियुक्त प्रधान कीर्ति खोसला ने अपनी नई टीम को शपथ दिलाई और सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया कि वे सबके साथ मिलकर बढ़चढ़कर जनहित कार्यों को करेंगे। समारोह के मुख्यातिथि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पूरा करने में सामाजिक संस्थाओं की भी विशेष भूमिका रहती है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. निधि कक्कड़, मलविंदर कौर ने किया। कार्यक्रम में स्वामी हरिओम दास परिव्राजक, नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा, सुरिंदर ढींगरा सहित क्लब के सभी सदस्य अपने परिजनों सहित शामिल हुए।




### नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ की बैठक, जॉब सुरक्षा एक्ट लागू करने की मांग



**कुरुक्षेत्र।** नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने हिसार में प्रदेश स्तरीय बैठक की। प्रदेश स्तरीय बैठक की अध्यक्षता नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष आजाद सिंह ने की। नॉन-टीचिंग कर्मचारी संघ हरियाणा, भारतीय मजदूर संघ ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कार्यरत हजारों कच्चे, अनुबंध और एडहॉक कर्मचारियों के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की है। संघ ने हरियाणा सरकार से पुरजोर मांग की है कि एक विशेष प्रावधान के तहत हरियाणा विश्वविद्यालय कर्मचारी नौकरी सुरक्षा एक्ट पारित किया जाए और सर्विस एक्ट पोर्टल पर सभी का डाटा जल्द से जल्द चढ़वाया जाए।

**कार्यक्रम** | रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग 2025-26 का खिताब जीतकर लौटीं

रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया

# खिताब जीतकर लौटी भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान नवनीत कौर को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद

झारखंड की राजधानी रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा (मोरहाबादी) एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग 2025-26 का खिताब जीतकर लौटी भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान एवं एसजी पाइपर्स टीम की कप्तान नवनीत कौर को रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने नवनीत कौर को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनकी उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताया।

### बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत

रोटरी प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि नवनीत कौर ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से शाहाबाद मारकंडा ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह हमारे क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी सफलता यह सिद्ध करती है कि लगन और परिश्रम से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा सदैव ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहेगा जो समाज और देश का नाम ऊँचा करती हैं। नवनीत कौर जैसी खिलाड़ी आने वाली पीढ़ी को खेलों की ओर आकर्षित करेंगी और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने उनके पिता बूटा सिंह तथा माता को भी इस अवसर पर बधाई दी। इस अवसर पर रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, रो. परवीन ठकराल तथा अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे और सभी ने नवनीत कौर को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, यह सच्चे अर्थों में जीवनदान : जयभगवान शर्मा डीडी

**पिहोवा।** मानव सेवा, सामाजिक सरोकार और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साकार करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने पिहोवा के गुरु नानक हॉस्पिटल में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं, चिकित्सकों एवं हॉस्पिटल स्टाफ का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रक्तदाताओं से संवाद कर उनके इस महान कार्य की सराहना की और कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, यह सच्चे अर्थों में जीवनदान है। पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने आयोजकों को सफल शिविर के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से जुड़ने का आह्वान भी किया। इसके उपरांत पंडित जय भगवान शर्मा डीडी पिहोवा फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा आयोजित भव्य भंडारे में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात कर उनके सेवा भाव, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि फायर ब्रिगेड के जवान दिन-रात जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। आपात परिस्थितियों में उनका साहस, त्याग और समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के दौरान गुरु नानक हॉस्पिटल एवं फायर ब्रिगेड विभाग की ओर से पंडित जय भगवान शर्मा डीडी का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ उनके सामाजिक योगदान की सराहना की।

## खबर संक्षेप



मुलाना। जरुरतमंद लोगों को लोहड़ी बांटते एसएचओ मुलाना। फोटो: हरिभूमि

### लोहड़ी पर्व पर असहायों के साथ बांटी खुशियां

**मुलाना।** लोहड़ी पर्व के अवसर पर थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने "नी आसरे दा आसरां" आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे असहाय एवं बीमार लोगों के साथ पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने आश्रमवासियों के साथ खुशियां सांझा की। उन्हें लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने कहा कि समाज के कमजोर, असहाय और बीमार लोगों की मदद करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिए आगे आएं और अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करें, ताकि उनके जीवन में भी खुशियां लाई जा सकें।

### धमकी देने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज बहला फुसलाकर ब्लैकमेल करके सोना जेवरात की ठगी करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपी साहिल को गिरफ्तार किया है। आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीड़ति महिला ने 12 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 अगस्त 2025 से 26 दिसंबर 2025 के दौरान आरोपी साहिल व अन्य ने उसे बहला फुसलाकर ब्लैकमेल करके सोना जेवरात की ठग्गी करने व जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपी विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। परिवादी अमरीक सिंह ने 14 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 02/03 मई 2025 को विर्क बस सर्विस दुकान मटहेडी बस स्टैंड के पास से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपी द्वारा चोरी की गई मोटरसाईकिल को पहले ही चोरी के एक अन्य मामले में बरामद किया जा चुका है।

### धोखाधड़ी में महिला काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज विदेश भेजने बारे धोखे से 28 लाख रूपये हडपने के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को विधिपूर्वक काबू किया। गांव बाड़ा के नरमैल सिंह ने 23 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जून 2022 से 1 जनवरी 2024 के दौरान आरोपी महिला ने उसके पुत्र व पुत्री को विदेश भेजने के मामले में उससे 28 लाख रूपये हडपे थे। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपी महिला को विधिपूर्वक काबू कर उससे 8 लाख रूपये बरामद किए है। मामले में अब तक 10 लाख रूपये की बरामदगी की गई है।

# नगर निगम के सदन का कार्यकाल पूरा, अब मेयर व सदस्य नहीं लगा पाएंगे मोहर

- पूर्व होने की वजह से कोई भी सदस्य अपने नाम के आगे मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर भी नहीं लिख पाएगा, कमिश्नर को सरकार ने प्रशासक नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम के सदन का कार्यकाल मंगलवार को समाप्त हो गया है अब मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर सभी 20 निगम सदस्य पूर्व हो गए। कार्यकाल पूरा होने के बाद अब कोई भी सदस्य किसी दस्तावेज पर बतौर सदस्य मोहर का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा।

14 जनवरी 2026 से पांच साल पहले निर्वाचित हुए सदस्य अपने नाम के आगे मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर या नगर निगम सदस्य का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट और म्युनिसिपल कानून जानकार हेमंत कुमार ने बताया कि न केवल हमारे देश के अर्थात भारतीय संविधान के अनुसार बल्कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 के प्रासंगिक प्रावधान के अंतर्गत नगर निगम का सामान्य कार्यकाल निर्वाचन पश्चात उसकी बुलाई पहली बैठक से पांच वर्ष तक ही होता है। चूंकि वर्ष 2018 से प्रदेश में नगर निगम मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष तौर पर मतदाताओं द्वारा किया जाता है। इसी वजह से नगर निगम के आम चुनाव



- नगर निगम का कार्यकाल उसी तारीख के आधार पर ही पांच वर्ष के लिए तय होता है

अंबाला। नगर निगम ऑफिस का बाहरी दृश्य।

संपन्न होने उपरांत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नव-निर्वाचित मेयर और नगर निगम सदस्यों के नामों की निर्वाचन नोटिफिकेशन की प्रकाशन के बाद जब मंडल कमिश्नर द्वारा मेयर और सदस्यों को पद और निष्ठा की शपथ दिलाने के लिए नव-निर्वाचित निगम सदन की बैठक बुलाई जाती है। उसी को नगर निगम की पहली बैठक कहा जाता है। नगर निगम का कार्यकाल उसी तारीख के आधार पर ही पांच वर्ष के लिए तय होता है। इसी आधार पर अंबाला शहर नगर निगम का कार्यकाल आगामी 13 जनवरी 2026 को पूरा हो गया है। 14 जनवरी 2021 को नगर निगम की तत्कालीन मेयर शक्ति रानी शर्मा और सभी 20 सदस्यों को शपथ दिलाई गई थी। बहरहाल दिसंबर 2020 से हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 में मेयर पद के लिए उपचुनाव कराने की कानूनी व्यवस्था न होने बावजूद राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा फरवरी-मार्च 2025 में अंबाला शहर और सोनीपत नगर निगमों के रिक्त मेयर पदों के लिए उपचुनाव कराया गया था। इसमे अंबाला से भाजपा की शैलजा सचदेवा और सोनीपत से भाजपा के राजीव जैन दोनों 10 महीनो के कार्यकाल के लिए अपने अपने निगम के मेयर पद पर निर्वाचित हुए थे।

### कमिश्नर को प्रशासक की जिम्मेदारी

अंबाला शहर नगर निगम के सदन का पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद अब नगर निगम कमिश्नर को प्रशासक की जिम्मेदारी दी गई है। दरअसल राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ताजा चुनाव संपन्न नहीं कराए जा सके हैं इसलिए प्रदेश सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 400(2)(बी ) का हवाला देकर अगले आम चुनाव होने उपरांत निग के नव-निवाचित सदन की पहली बैठक तक कमिश्नर को प्रशासक नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस प्रकार कल 14 जनवरी 2026 नगर निगम के मौजूदा कमिश्नर वीरेंद्र लाठर अब नगर निगम के प्रशासक होंगे। हालांकि एडवोकेट हेमंत ने एक रोचक परंतु महत्वपूर्ण पहलू के जरिए प्रदेश के शहरी निकाय विभाग को लिख कर सूचित किया है कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 400 जिसके अंतर्गत प्रदेश के शहरी निकाय विभाग द्वारा नगर निगम कमिश्नर को उनके निगम का प्रशासक नियुक्त किया गया है वह कानूनी धारा वास्तव में किसी निर्वाचित नगर निगम को राज्य सरकार द्वारा एक विधिवत आदेश मार्फ़त कुछ विकट परिस्थितियों में समयपूर्व (अर्थात निर्धारित पांच वर्ष से पूर्व) किसी सरकारी अधिकारी को प्रशासक नियुक्त करने से संबंधित है। उक्त धारा में नगर निगम का पांच वर्ष कार्यकाल पूरा होने संबंधी को उल्लेख तक नहीं है।

# बड़ी बस्सी आंगनबाड़ी केंद्र में धूमधाम से मनाया लोहड़ी उत्सव

## शिक्षा क्षेत्र में सफलता हासिल करने वाली शिक्षिका मधु को किया गया सम्मानित

- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश, गांव की बेटी मधु को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गांव बड़ी बस्सी के आंगनबाड़ी केंद्र में लोहड़ी पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही और महिलाओं व बच्चों ने मिलकर पर्व को यादगार बनाया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर भावना सैनी ने उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी तरह कम नहीं हैं। बेटियां शिक्षा, खेल, प्रशासन, चिकित्सा सहित हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए विशेष रूप से आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना के बारे में विस्तार से बताया और लोगों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान गांव बड़ी बस्सी की मधु को सम्मानित किया गया। मधु ने शिक्षा के क्षेत्र में सफलता हासिल कर अध्यापिका के रूप में नियुक्ति पाई है। यह सम्मान बेटियों को आगे बढने के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त संदेश बना। कार्यक्रम में जसविंदर कौर, शकुंतला, सुनीता, मधु, भावना कुमारी, राजरानी, अनीता, कांता देवी, विमला सहित अनेक महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सुपरवाजर मनप्रीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच, बेटियों के प्रति सम्मान और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।





शहजादपुर। लोहड़ी मनाती ग्रामीण महिलाएं तथा बराड़ा में कॉलेज कैंपस में लोहड़ी पर्व मनाते हुए स्टाफ और स्टूडेंट्स। फोटो: हरिभूमि

### पंजाबी गीतों पर जमकर थिरके छात्र

- लोहड़ी के साथ मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

बराड़ा लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान एवं सचिव रमेश सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता तथा शिक्षण स्टाफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान व अन्य अतिथियों द्वारा अग्नि प्रज्वलन के साथ किया गया। लोहड़ी जलाकर उसकी परिक्रमा की गई तथा मूंगफली, रेवड़ी और पॉपकॉर्न डालकर अग्नि में आहुति दी गई। इस अवसर पर सभी ने 'सुंदर मुंदरिए हो' सहित अन्य पंजाबी लोकगीत गाए और लोहड़ी के चारों ओर उत्साहपूर्वक नृत्य किया। मंच संचालन बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा मीनाक्षी व नेहा ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राओं के पंजाबी लोकनृत्य ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। एक्ट एंड गेस करने की प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा यशोदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने मुख्य अतिथियों, शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ तथा विद्यार्थियों को लोहड़ी की बधाई देते हुए कहा कि लोहड़ी पर्व समाज में सद्भावना और एकता का संदेश देता है, जिसे विद्यार्थी जीवन में अपनाना हमारा प्रथम लक्ष्य होना चाहिए।



अंबाला। बुजुर्गों के साथ लोहड़ी मनाते सीजेएम व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### सीजेएम ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाई लोहड़ी

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने मंगलवार को मथुरा नगरी वृद्ध आश्रम में जाकर बुजुर्गों के साथ लोहड़ी पर्व मनाने का काम किया। इस मौके पर उन्होंने यहां पर रह रहें बुजुर्गों का कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने इस मौके पर बुजुर्गों को सर्दी के मौसम में विशेष रूप से हिदायत बरतने बारे भी कहा। उन्होंने कहा कि लोहड़ी पर्व का त्योहार बुजुर्गों के साथ मनाकर उन्हें काफी आन्नद की अनुभूति हुई है। बुजुर्ग हमारी धरोहर होते हैं। इस मौके पर सेवा मंडल ट्रस्ट के प्रधान बद्री नारायणढ, अध्यक्ष अजय सिंह सचिव सुमन मित्तल, रेडक्रॉस सोसायटी से कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सैनी, सुनीता व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



बराड़ा। लोहड़ी पर्व मनाते हुए स्टूडेंट्स।। फोटो: हरिभूमि

### स्किल सेंटर में धूमधाम से मनाई गई लोहड़ी

**बराड़ा।** हारट्रोन एडवांस स्किल सेंटर में लोहड़ी पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेंटर में संचालित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर क्राइम, डेटा एनालिसिस और वेब डेवलपमेंट कोर्स के सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लोहड़ी की आग जलाई गई, पारंपरिक गीतों और खुशियों के माहौल में सभी ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने लोहड़ी पर्व के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आपसी भाईचारे और नई ऊर्जा का प्रतीक बताया। इस मौके पर राजेंद्र, संदीप, जसविंदर, दीक्षा, सुनीता सहित अन्य स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

#### सोलर सिस्टम से बिजली बिल होगा शून्य

### बिजली योजना उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से कर रही मजबूत

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा के उपयोग से प्रदूषण में कमी आएगी और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल से यह योजना इतनी किफायती बन गई है कि पात्र परिवारों के लिए सोलर सिस्टम लगवाना बहुत ही कम खर्च जैसा हो गया है। उन्होंने बताया कि यदि कोई उपभोक्ता प्रारंभिक निवेश करने में सक्षम नहीं है तो उन्हें भी सरकारी बैंकों के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है। यह एक मध्यमवर्गीय परिवार की जरूरतों के लिए पर्याप्त है, जिससे बिजली बिल लगभग शून्य हो जाता है। सरकार द्वारा आय वर्ग के अनुसार सब्सिडी को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया गया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को अधिकतम लाभ मिल सके।

- योजना से कमजोर वर्ग को मिलेगा अधिकतम लाभ



अंबाला। बुजुर्गों के साथ लोहड़ी मनाते पुलिस जवान।

### पुलिस कर्मचारियों ने बुजुर्गों के साथ मनाया लोहड़ी पर्व

**अंबाला।** शहजादपुर। मानवता और सेवा की भावना का परिचय देते हुए पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों के निर्देश अनुसार गांव बहलोली स्थित वृद्धाआश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों के साथ लोहड़ी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पुलिस टीम ने न केवल बुजुर्गों का हाल-चाल जाना, बल्कि उन्हें त्योहार की खुशियों में शामिल कर उनका उत्साह भी बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मचारियों द्वारा वृद्धाआश्रम में रह रहे बुजुर्गों को खाद्य सामग्री, लोहड़ी की पारंपरिक मिठाइयां रेवड़ी, गज्जक, मूंगफली व अन्य सामान साबुन, डेटॉल , तेल इत्यादि सामान भेंट किया।

### कार में आग लगाने को लेकर पाक बदमाश ने दी वीडियो जारी कर दी सफाई

**अंबाला।** अंबाला शहर के बलदेव नगर थाने में मारुति कार को खड़ा कर धमाका करने के मामले में पाकिस्तानी बदमाश शहजाद भट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल की है। इस वीडियो में शहजाद भट्टी ने कहा है कि उसे हरियाणा की पुलिस जबरदस्ती इस मामले में फंसा रही है। पकड़े गए दो आरोपियों से जबरन उसका नाम उगलवाया जा रहा है। इस वीडियो में खालिस्तानियों द्वारा डाली गई कुछ पोस्ट भी दिखाई गई है जिसमें वह बलदेव नगर थाने में हुए धमाके की जिम्मेदारी ले रहे हैं। यह हमला खालिस्तानियों द्वारा करवाया गया है न कि उसके द्वारा। सीसीटीवी फुटेज में एक शख्स कार में आग लगाते हुए कैद हुआ था। इस मामले को लेकर पुलिस बेहद गंभीरता से जांच कर रही है। हालांकि अभी तक पुलिस की ओर से कोई अधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# इंदौर में गंदे पानी से हुई मौतों से प्रशासन ने नहीं लिया सबक

### कमियां दूर होगी

"मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। यदि कोई कमी है तो दूर करा दी जाएगी। बोर बैठने से दूषित नहीं बल्कि रेतयुक्त पानी आता है जिसे छानकर पी सकते हैं।

-हरभजन सिंह कांबोज, कार्यकारी अभियंता, जलापूर्ति एवं जनस्वास्थ्य विभाग।



- गंदे पानी की सप्लाई से कस्बे में पीलिया की दस्तक, होली गांव में कई लोग बीमार, जनस्वास्थ्य विभाग की नहीं खुल रही नींद

बराड़ा। ट्यूबवेल से निकलता हुआ गंदा पानी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बीते दिनों देश के सबसे स्वच्छ शहर माने जाने वाले इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों से भी यदि प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। दरअसल बराड़ा और आसपास के गांवों में पीलिया फैलने के बाद भी जनस्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की नींद नहीं खुली। नतीजा यह है कि अब गांव होली के लोग महीनों से गंदा पानी पीने को मजबूर हैं और प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। क्षेत्र में पहले ही दूषित पानी से पीलिया के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं, जिनके कई मरीज आज भी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो पाए हैं। इसके बावजूद जनस्वास्थ्य विभाग की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही। गांव होली के बस स्टैंड के पास स्थित कॉलोनी में लगे विभागीय ट्यूबवेल से लंबे समय से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है जिससे कभी भी बड़ी बीमारी फूट सकती है।

### बह रहा ज़हर, शिकायतें काग़ज़ों में दफन

गांव के सरपंच बलविन्द्र सिंह सहित ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष नवंबर माह से नलों में साफ पानी की जगह गंदा पानी आ रहा है। कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। शिकायतों के बाद विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी के सैंपल भी लिए और पानी के दूषित होने की पुष्टि की, फिर भी महीनों बीत जाने के बाद तक समस्या जस की तस बनी हुई है। अधिकारियों ने बोर बैठने की बात कहकर नया ट्यूबवेल लगाने का भरोसा दिलाया लेकिन तक न बोर बदला गया और न ही ग्रामीणों को राहत मिली।

### पहले गंदा पानी बहाओ, फिर सप्लाई दो

स्थिति यह है कि अब ट्यूबवैल ऑपरेटर को पहले कई घंटे तक ट्यूबवैल पर ही गंदा पानी निकालना पड़ता है। उसके बाद सप्लाई दी जाती है। इसके बावजूद लोगों के घरों तक गंदा पानी ही पहुंच रहा है। सवाल यह है कि क्या ग्रामीणों की जिंदगी इतनी सस्ती है कि उन्हें "छानकर पीने" की सलाह दी जाए? ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारी हर बार एक ही रटा-रटाया जवाब देते हैं कि नया बोर लगाने का बजट भेज दिया गया है। सवाल यह भी है कि जब बीमारी सिर पर खड़ी हो, तब बजट की फ़ाइलें क्यों रेंगती हैं? क्षेत्र में पीलिया फैलने की घटना अभी लोगों की यादों में ताजा है। कई परिवार आज भी उस त्रासदी से उबर नहीं पाए हैं। इसके बावजूद गांव होली में दूषित पानी की सप्लाई जारी रहना प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करता है। ग्रामीणों को डर है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो हालात बेकाबू हो सकते हैं।

### चोरी के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी सोमपाल को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने 12 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने सैक्टर-34 में स्थित उसके निर्माणाधीन मकान का दरवाजा तोड़कर बिजली फिटिंग की तारें, बिजली मशीन की मोटर,व अन्य सामान चोरी किया है।

**कार्यक्रम** शारीरिक के साथ मानसिक शक्ति को बढ़ाए युवा

# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की ओर से नर्सिंग छात्रों को देशहित के लिए किया प्रोत्साहित

युवा वर्ग के अदंर उमंग शारीरिक शक्ति, मानसिक व बौद्धिक क्षमता बहुत अधिक होती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट स्थित ब्रह्माकुमारीज़ शांतिधाम सेवा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में जीएमएन कॉलेज के नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए 'हेल्थी माइंडसेट' विषय पर कॉलेज द्वारा आयोजित सेमिनार में वक्तव्य दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने युवाओं के लिए संदेश देते हुए कहा कि युवा एक शारीरिक अवस्था का नाम नहीं है लेकिन युवा जिसके अंदर उमंग, शारीरिक शक्ति, मानसिक व बौद्धिक क्षमता बहुत अधिक होती है लेकिन वह उसको किस दिशा में ले जा रहा है। यह स्वयं की जांच कर अपने फिजिकल शक्ति के साथ-साथ मन की शक्ति को बढ़ाएं। इसके लिए जरूरी है कि हम खुश रहे पॉजिटिव रहे, हर परिस्थिति के पॉजिटिव साइड को देखकर चले और इस शक्ति को बढ़ाने के लिए हम बार-बार दिन भर में मेडिटेशन का व आत्मिक स्थिति का अभ्यास करें।



अंबाला। छात्रों को संबोधित करती बीके प्रीति। फोटो: हरिभूमि

### डेढ़ लाख से ज्यादा युवाओं ने बनाया श्रेष्ठ जीवन

दीदी ने बताया उनकी संस्था का युवा प्रभाग पिछले 35 वर्षों से यूथ फॉर ग्लोबल पीस, उठो जगत के वास्ते, डिवाइन योर डेस्टिनी, दिव्या यूथ फोरम जैसे अनेक प्रोजेक्ट्स के माध्यम से युवाओं का मार्गदर्शन कर रहा है। वर्तमान समय लगभग डेढ़ लाख युवा इससे जुड़कर अपना जीवन श्रेष्ठ बनाकर आदर्श प्रस्तुत कर रहे हैं। दीदी ने कहा स्वामी विवेकानंद ने बहुत कम आयु में सारे विश्व में भारत की संस्कृति का परचम फहराया। हम उनकी इस बात को याद करते हैं कि अगर मुझे 100 ब्रह्मचारी मिल जाए तो मैं पूरे विश्व को बदल दूंगा। दीदी ने कहा मुझे इस बात की खुशी है कि ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए युवा इन्हीं धारणाओं को जीवन में अपना कर देश को विश्व गुरु बनाने की राह पर अग्रसर हैं। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ रामलखन माली ने ब्रह्माकुमारी बहनों का भव्य स्वागत किया। प्रिंसिपल ने कहा हर महीने इस तरह का एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को इसका पुरजोर लाभ मिल सके। सेमिनार में वाइस प्रिंसिपल सीमा शर्मा तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005